# 20 पहेलियाँ

1. आग लगे मेरे ही बल से,
हर इन्सान के आती काम।
दिन में पौधे मुझे बनाते,
अब बतलाओ मेरा नाम।।

2. एक फूल काले रंग का, सबके सिर सहाय।
तेज धूप में खिला रहे, छाया देख मुरझाये।।

3. एक सींग की ऐसी गाय,
जितना दो उतना ही खाय।
खाते-खाते गाना गाय,
पेट नहीं उसका भर पाय।।

4. एक पहेली मैं कहूँ,
तू सुन ले मेरे पूत।
बिन परों वह उड़ गई,
बान्ध गले में सूत।।

5. नदी हूँ पर पानी नहीं,
सड़क हूँ पर गाड़ी नहीं।
भूमि हूँ पर फसल नहीं,
बस्ती (गाँव) हूँ पर घर नहीं।।

6. ऐसा लिखिए शब्द बनाय ।
फूल, फल, मिठाई बन जाय ।।

WEBCOPY © BSTBPC NOT TO BE PUBLISHED
© BSTBPC NOT TO BE PUBLISHED

7. ऊँट की बैठक,
हिरण की चाल।
वह कौन-सा जानवर,
जिसके दुम न बाल।।

## प्रश्न-अभ्यास

**1. पहेलियों का संकलन कर अपनी कक्षा में बुझाइए।**

●●●

**पहेलियों के उत्तर-**

1. ऑक्सीजन
2. छतरी/छाता
3. चक्की/जाँता
4. पतंग
5. मानचित्र
6. गुलाबजामुन
7. मेढक

© BSTBPC WEB COPY, NOT TO BE PUBLISHED